लोक सेवा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

- लंबित आवेदनों को जल्द पुरा करें: आनंद झेरवार
- ऑनलाइन प्रक्रिया और व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

नवभारत न्यूज

इटारसी, 23 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधन आनंद झेरवार ने गुरुवार को इटारसी एवं केसला स्थित लोक सेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों की व्यवस्थाओं, लंबित आवेदनों, ऑनलाइन प्रक्रिया तथा उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए.

लोक सेवा केंद्र इटारसी में निरीक्षण के दौरान कुछ ऑनलाइन आवेदनों के प्रिंट पर आवेदकों के हस्ताक्षर नहीं पाए गए. झेरवार ने सभी ऑपरेटरों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ऑनलाइन आवेदन पर आवेदक के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से लिए जाएं तथा शत-प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए. उन्होंने केंद्र परिसर एवं शौचालय की नियमित साफ-सफाई, ऑपरेटरों की यूनिफॉर्म में समय पर उपस्थिति, उपस्थिति रजिस्टर का समुचित संधारण तथा प्रत्येक आवेदक को आवेदन की पावती देने के निर्देश भी दिए. साथ ही सभी आवेदन अगले कार्य दिवस तक संबंधित कार्यालयों को भेजने और सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने के लिए कहा.

केसला लोक सेवा केंद्र में सेवावार रजिस्टरों एवं आवेदनों की जांच के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि आवेदन की हार्डकॉपी अगले दिन संबंधित कार्यालयों को भेजी जाए तथा ऑनलाइन आवेदन एवं पावती का प्रिंट स्पष्ट और गुणवत्तापूर्ण हो. उन्होंने दोनों केंद्रों पर सभी सेवाओं की सूची एवं आवेदन शुल्क की जानकारी डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने, आवेदकों के साथ विनम्र व्यवहार रखने तथा निर्धारित स्टाफ, पेयजल, बैठक व्यवस्था, इंटरनेट, कंप्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस, फर्नीचर एवं प्रचार-प्रसार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. इससे लोक सेवा केंद्रों पर नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें.

नपा की कार्रवाई, मालिक से वसूला 3 हजार जुर्माना

इटारसी. शहर में आवारा और खुले घूम रहे गौवंश पर नियंत्रण के लिए नगर पालिका ने सख्ती शुरू कर दी है. इसी क्रम में वार्ड क्रमांक-34 में कार्रवाई करते हुए खुले में गौवंश छोड़ने पर एक पशुपालक से 3 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला गया. वार्ड-34 निवासी नरेश ठाकुर अपने गौवंश को खुले में छोड़ रहे थे. नियमों के उल्लंघन पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया. उनसे लिखित आश्वासन भी लिया गया कि भविष्य में वे अपने मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ेंगे. नगर पालिका प्रशासन ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने गौवंश को बांधकर रखें और नियमों का पालन करें. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की यातायात व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा को देखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जुर्माने के साथ वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी.

प्रमाण पत्र की ऑफलाइन व्यवस्था बंद होने से पूर्व पार्षद ने उठाए सवाल

- पोर्टल के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन आवेदन करना होगा
- ऑनलाइन प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं, उनकों होगी दिक्कत

इटारसी, 23 जुलाई. नगर पालिका परिषद इटारसी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव के 22 जुलाई को जारी आदेश के बाद अब जन्म, मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र के लिए ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे. नागरिकों को सिटिजन पोर्टल के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन आवेदन करना होगा. इस निर्णय को लेकर शहर में चर्चा शुरू हो गई है.

पूर्व पार्षद यज्ञदत्त गौर ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन लोगों के पास स्मार्टफोन नहीं है या जो ऑनलाइन प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं, उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. उनका कहना है कि ऐसे नागरिकों को कियोस्क सेंटरों पर निर्भर होना पड़ेगा, जिससे अतिरिक्त खर्च और संभावित आर्थिक शोषण की आशंका बढ़ सकती है. उन्होंने यह भी आशंका जताई कि दलालों और कियोस्क संचालकों की भूमिका बढ़ने से आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

पूर्व पार्षद ने सवाल उठाया कि जब ऑनलाइन पोर्टल पहले से संचालित था और इच्छुक नागरिक उसका उपयोग कर रहे थे, तब नगर पालिका कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन की सुविधा पूरी तरह समाप्त करने की आवश्यकता क्या थी. वहीं, कई स्थानीय नागरिकों ने सुझाव दिया है कि डिजिटल व्यवस्था के साथ नगर पालिका परिसर में एक सहायता केंद्र भी संचालित किया जाए, जहां तकनीकी जानकारी न रखने वाले लोगों को ऑनलाइन आवेदन करने में नि:शुल्क सहायता मिल सके, ताकि उन्हें साइबर कैफे या निजी कियोस्क पर निर्भर न रहना पड़े.

एक नजर में

विद्यालय में आधार अपडेट शिविर आयोजित

इटारसी. कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नर्मदापुरम के निर्देशानुसार पीएम श्री शहीद इंदरगिरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामपुर में विद्यार्थियों की अपार आईडी एवं छात्रवृत्ति संबंधी आधार विसंगतियों के निराकरण के लिए संकुल स्तरीय आधार अपडेट शिविर आयोजित किया गया. शिविर का उद्देश्य आधार में नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य आवश्यक जानकारियों का अद्यतन कर शैक्षणिक अभिलेखों को त्रुटिरहित बनाना था, ताकि विद्यार्थियों को अपार आईडी, छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके. शिविर में रामपुर, बिलखेड़ी, गुर्रा, दमदम, सिराली, केसला खुर्द, चिल्लाई सहित आसपास के गांवों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया. इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को स्थानीय स्तर पर ही आधार अपडेट की सुविधा मिली, जिससे उन्हें दूरस्थ केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़े. शिविर के सफल संचालन में डॉ. गणेश पटेल एवं बीआरसी विकासखंड नर्मदापुरम की सपना गोलानी का मार्गदर्शन रहा. वहीं राकेश गुप्ता, प्रिंस भंडारी,आशीष नामदेव, कपिल गिरी गोस्वामी, विजेंद्र नामदेव, राजकुमार धुर्वे सहित विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग दिया.

पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सिवनी मालवा 23 जुलाई. गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिवनी मालवा स्थित सांदीपनी विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में अधिवक्ता राम यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. अधिवक्ता राम यादव ने विद्यार्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, शिक्षा का अधिकार, बाल संरक्षण कानून, साइबर सुरक्षा तथा दैनिक जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की सरल एवं रोचक जानकारी दी. उन्होंने विद्यार्थियों से कानून के प्रति जागरूक रहने तथा अपने अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया. कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया. इस दौरान सभी उपस्थितजनों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया.

माखन नगर में 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

माखन नगर. विद्युत विभाग द्वारा 24 जुलाई 2026 को 11 केवी बाबई लाइन के मेंटेनेंस कार्य के चलते माखन नगर शहर की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी. विभाग के अनुसार बिजली सप्लाई सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी. मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी. विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है.

सड़कों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

- 7 दिन में सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ
- तो सांसद कार्यालय के सामने धरने की चेतावनी

सिवनी मालवा,23 जुलाई. नगर में बदहाल और खोदकर छोड़ी गई सड़कों के विरोध में गुरुवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने अनोखा प्रदर्शन किया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष स्वदेश शर्मा के नेतृत्व में सड़क के गड्ढों में बेशर्म के पौधे लगाए तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की फोटो लगी तख्तियां स्थापित कर सरकार और प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया.

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि शहर की कई सड़कें लंबे समय से खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिससे आम नागरिकों, वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत और मांग करने के बावजूद सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया. प्रदर्शन के दौरान नगर कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया तो बानापुरा स्थित सांसद कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया जाएगा. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनहित के इस मुद्दे पर उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक शहरवासियों को सुरक्षित और अच्छी सड़कें उपलब्ध नहीं हो जातीं. प्रदर्शन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा, युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष हैरिसन स्वामी, पृथ्वीराज रघुवंशी, विकास पाठक, दीपक दीक्षित, कृष्णकांत मानिक, साजिद कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे.

शराब खरीदते दिखे ग्राम रोजगार सहायक वीडियो वायरल

बनखेड़ी. जनपद पंचायत बनखेड़ी की ग्राम पंचायत पांजरा के ग्राम रोजगार सहायक सुनील जावरे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में उन्हें मंगलवार 21 जुलाई को कार्यालयीन समय के दौरान दोपहर लगभग 3:30 बजे बनखेड़ी स्थित कंपोजिट शराब दुकान से शराब खरीदते हुए देखा जा रहा है. शराब खरीद कर जीआरएस जावरे ने यूपीआई से भुगतान किया. वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वीडियो कार्यालयीन समय का है, तो यह शासकीय सेवा के आचरण नियमों के विपरीत माना जा सकता है.

24 घंटे में मिली 8 माह की बच्ची

इटारसी, 23 जुलाई. रेलवे के आधुनिक सीसीटीवी निगरानी नेटवर्क और जीआरपी-आरपीएफ के बेहतर समन्वय से बीना रेलवे स्टेशन से अपहृत 8 माह की मासूम बच्ची को 24 घंटे के भीतर इटारसी रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया. बच्ची को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया है, जबकि अपहरण के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है.

20 जुलाई को बीना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर एक महिला अपनी बच्ची के साथ सो रही थी. इसी दौरान एक अज्ञात महिला बच्ची को उठाकर फरार हो गई. शिकायत मिलते ही जीआरपी बीना ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. जांच में संदिग्ध महिला बच्ची को लेकर हडपसर-अमृत भारत एक्सप्रेस (22589) में सवार होती दिखाई दी. इसके बाद रानी कमलापति और नर्मदापुरम स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज के जरिए उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई. अगले दिन महिला जीटी एक्सप्रेस (12616) में यात्रा करती हुई ट्रेस हुई, जिसके बाद इटारसी स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर उसे बच्ची सहित पकड़ लिया.

सीईओ के आदेश के बाद न वसूली, न एफआईआर

एक साल से लंबित स्व-सहायता समूह घोटाले की जांच

बनखेड़ी,23 जुलाई. जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम बाचावानी में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला एक वर्ष बाद भी अधर में लटका हुआ है. जिला पंचायत नर्मदापुरम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन द्वारा 9 जून 2026 को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाने के बावजूद अब तक न तो पूरी राशि की वसूली हो सकी है और न ही संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है.

प्राप्त दस्तावेज के अनुसार जिला पंचायत नर्मदापुरम के पत्र दिनांक 09 जून 2026 में जनपद पंचायत बनखेड़ी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे. यह मामला ग्राम संगठन बाचावानी एवं उससे जुड़े स्व-सहायता समूहों से राशि आहरण की शिकायत से संबंधित है. पत्र में उल्लेख है कि भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य भगवती रमेश पटेल द्वारा विगत वर्ष 31 जुलाई को शिकायत की गई थी कि स्व-सहायता समूहों से लगभग 5 लाख रुपये की राशि की अनियमित निकासी की गई है. मामले की जांच मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक द्वारा की गई, जिसमें नेहा शुक्ला एवं लता पटेल द्वारा ग्राम संगठन एवं दो स्व-सहायता समूहों से लगभग पांच लाख रुपये निकाले जाने की पुष्टि होने का उल्लेख किया गया है.

दस्तावेज के अनुसार संबंधित अधिकारियों द्वारा राशि वापस जमा कराने के लिए कई बार पत्र जारी किए गए, लेकिन पूरी राशि जमा नहीं कराई गई. इसके बाद जिला पंचायत सीईओ ने अपने आदेश में निर्देश दिया कि संबंधित व्यक्तियों को शेष राशि जमा करने के लिए अंतिम रूप से सात दिवस का समय दिया जाए. यदि निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं होती है, तो संबंधित थाना में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. किंतु उक्त पत्र के बाद भी लगभग डेढ़ माह का समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है.

इनका कहना है -

काफी समय देने के बावजूद स्वसहायता समूहों से रिकवरी नहीं हुई है, एनआरएलएम के ब्लॉक मैनेजर को एफआईआर कराने के लिए निर्देशित किया गया है.

रीना कुमारिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बनखेड़ी

वरिष्ठ अधिकारियों से दिशानिर्देश प्राप्त हुए हैं, हमने थाने में आवेदन दे दिया है, कागजी खानापूर्ति के बाद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी.

मानेंद्र राजपूत, ब्लॉक प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

सड़क की गुणवत्ता पर नपा अध्यक्ष की सख्ती, कार्यों का किया निरीक्षण

इटारसी, 23 जुलाई. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने कार्यपालन यंत्री मीनाक्षी चौधरी और वार्ड पार्षद राहुल प्रधान के साथ मालवीय गंज एवं वार्ड क्रमांक-19 में निर्माणाधीन सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया.

इस दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और टेंडर की शर्तों के अनुरूप कार्य होने की बारीकी से जांच की गई. निरीक्षण के दौरान सड़क की मोटाई (थिकनेस), कोर कटिंग के माध्यम से गुणवत्ता परीक्षण, कंक्रीट की मजबूती, सड़क का सरफेस लेवल, चौड़ाई, ढाल तथा नाली की डिजाइन का परीक्षण किया गया. अधिकारियों ने निर्देश दिए कि पूरा निर्माण कार्य स्वीकृत ड्राइंग एवं निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुसार ही पूरा किया जाए. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा.

14.42 लाख जमा कर प्रदेश में चौथा स्थान

- 427 ग्राम पंचायतें ऑनलाइन प्रणाली से जुड़ीं,
- करदाताओं ने पंचायत दर्पण पोर्टल से किया भुगतान

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. जिले ने ओआरएस (ऑन सोर्स रेवेन्यू) योजना के तहत ऑनलाइन कर संग्रहण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. जिले ने अब तक 14.42 लाख का ऑनलाइन कर संग्रहण कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है. जिला पंचायत के अधिकारी हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में जिले की सभी 7 जनपद पंचायतों की 427 ग्राम पंचायतें शत-प्रतिशत ऑनलाइन कर संग्रहण प्रणाली से जुड़ चुकी हैं. अब ग्रामीण नागरिक और निजी संस्थान मध्यप्रदेश पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से घर बैठे जलकर, संपत्ति कर, स्वच्छता कर सहित अन्य स्थानीय करों का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं. 23 जुलाई 2026 तक जिले में 5,095 ऑनलाइन बिलों के माध्यम से 14,41,929.11 की राशि शासन कोष में जमा की जा चुकी है.

सीडबाल और पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

पिपरिया. नवांकुर अभियान के अंतर्गत ग्राम बनवारी में सीडबाल निर्माण एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया. यह कार्यक्रम मप्र जनअभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था वूमेन चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में एसडीएम आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी, जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे, उपाध्यक्ष कुसुमलता पटेल, सरपंच रीना खूबचंद रघुवंशी एवं विकासखंड समन्वयक दयाशंकर उमरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

पीएम आवास योजना के हितग्राहियों से की चर्चा

नवभारत न्यूज

हरदा , 23 जुलाई. जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने गुरूवार को ग्राम पंचायत साल्याखेड़ी के ग्राम जोगा, उंढाल, साल्याखेड़ी एवं ग्राम पंचायत नयापुरा के ग्राम नयापुरा का निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तृतीय किश्त प्राप्त कर चुके हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. साथ ही हितग्राहियों की समस्याओं का अनुश्रवण कर उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने ग्राम में अप्रारंभ आवासों एवं प्लंथ स्तर तक पहुंचे आवासों के संबंध में ग्राम रोजगार सहायकों को लम्बी अवधि के मस्टर रोल जारी करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके. ग्राम जोगा के माध्यमिक स्कूल के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ जोसेफ ने शिक्षकों की अनुपस्थिति एवं समय-सारणी अनुसार मध्यान्ह भोजन न दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की.

डेंगू नियंत्रण को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित

पिपरिया. बारिश का मौसम शुरू होते ही मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. इसी क्रम में एसडीएम की अध्यक्षता में डेंगू निरोधक माह जुलाई के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में मच्छरों एवं वाहक जनित रोगों के नियंत्रण को लेकर चर्चा की गई. अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने घरों और कार्यस्थलों पर पानी जमा न होने दें. यदि कहीं पानी एकत्रित हो गया है तो उसकी निकासी प्रत्येक चार दिन में सुनिश्चित करें. साथ ही यह जानकारी परिवार और आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए. साफ-सफाई से जुड़े विभागों को अपने क्षेत्रों और वार्डों में जलभराव वाले स्थानों पर पानी निकासी, कीटनाशक अथवा जले तेल का छिड़काव करने तथा माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए.

समीक्षा बैठक | निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा

समय-सीमा में पूरे हों सभी प्रोजेक्ट : बनोठ

नर्मदापुरम, 23 जुलाई. संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ की अध्यक्षता में गुरुवार को संभागीय कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के निर्माणाधीन एवं स्वीकृत कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, सेतु निर्माण, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, ग्रामीण यांत्रिक सेवा, एनएचएआई, जल संसाधन तथा नर्मदा घाटी विकास विभाग की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

संभागायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही टेंडर में तय समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।

बैठक में सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रभावित किसानों को समय पर उचित मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक प्रकरण शीघ्र संबंधित जिला कलेक्टरों को भेजने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) नवल मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

बारिश के बीच कांग्रेस ने किया प्रदर्शन केंद्र सरकार के खिलाफ लगाए नारे

पिपरिया. दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों एवं युवाओं के साथ हुई कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी पिपरिया द्वारा मंगलवारा स्थित सुभाष चौक पर धरना-प्रदर्शन किया गया. बारिश के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता छाता लेकर प्रदर्शन करते नजर आए.

प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों और युवाओं के अधिकारों की आवाज उठाई. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है. उन्होंने नीट पेपर लीक मामले, छात्रों पर कथित लाठीचार्ज और कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ हुए व्यवहार को लेकर भी विरोध जताया. कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र दुबे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत, मटकुली अध्यक्ष कमलेश उइके, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्याम बिहारी पालीवाल, अजय कटकवारसहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी लगातार संघर्ष करती रहेगी और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती रहेगी.

मेधावी प्रतिभाओं का किया सम्मान

पिपरिया. कतिया समाज द्वारा जिला नर्मदापुरम की मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पिपरिया के समाज पदाधिकारी एवं सदस्य भी शामिल हुए. कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, शासकीय विभागों में चयनित युवक-युवतियों, तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान किया गया. सम्मान समारोह में विधायक ठाकुरदास नागवंशी के माध्यम से प्रतिभाओं को पुष्पमाला, मेडल, प्रशस्ति पत्र, स्टेशनरी सामग्री एवं शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया.

नाम परिवर्तन संबंधी सार्वजनिक सूचना

मैं, माधो प्रसाद कहार, पिता श्री कुन्नुलाल कहार, आयु 49 वर्ष, निवासी पिली खंती, नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश-461001, एतद् द्वारा सार्वजनिक रूप से सूचित करता हूँ कि मैंने अपनी स्वेच्छा से अपना नाम "माधो प्रसाद कहार" से परिवर्तित कर "माधव कहार" रख लिया है।अतः आज की तिथि से मैं सभी शासकीय, अर्धशासकीय, बैंकिंग, न्यायिक, शैक्षणिक एवं अन्य सभी अभिलेखों, दस्तावेजों तथा पत्राचार में "माधव कहार" नाम से ही जाना, पहचाना एवं हस्ताक्षर करूँगा। माधो प्रसाद कहार एवं माधव कहार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। माधो प्रसाद कहार (अब माधव कहार)